संशोधन
प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

सामुदायिक स्तर पर पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन

पन्तनगर। 05 अक्टूबर 2023। विश्वविद्यालय में भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने ग्रामीण स्तर पर 'सुपोषित भारत साक्षर भारत सशक्त भारत' विषय पर नगला डेरी कॉलोनी में तीन–दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों को संतुलित आहार, पोषण माह तथा विटामिन्स की कमी से होने वाले भिन्न–भिन्न रोगों के बारे में प्रसार साहित्य द्वारा पोस्टर, ड्रामा, लिफलेट व फोल्डर के माध्यम से जागरूक किया। विद्यार्थियों ने परिणाम प्रदर्शन के द्वारा श्री अन्न से छांछ, नमकीन, लड्डू, खीर व इडली बनाने की विधि बताई। इसके साथ ही उपस्थित बच्चों व महिलाओं का बी.एम.आई. मापा व उनके परिणामों से लोगों को अवगत कराया।

सामुदायिक महाविद्यालय द्वारा पोषण माह के लिए पन्तनगर स्थित सी.बी.–2 कॉलोनी, झा कॉलोनी एवं चकफेरी कॉलोनी में भी पोषण से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम किया गया, जिसमें उनको पोष्टिक खाद्य पदार्थों की जानकारी, पोषण, संतुलित आहार, स्तनपान का महत्व, स्थानीय मौसमी फल एवं सब्जियां के सेवन एवं पोषण वाटिका के महत्व को बताया गया। इसके साथ ही अंतर्राष्टीय श्री अन्न वर्ष 2023 की महत्वता की ओर आकर्षित करते हुए ग्रामीण वासियों को दैनिक अपने आहार में श्री अन्न के उपयोग पर जोर दिया गया। श्री अन्न के अंतर्गत आने वाले मोटे अनाज जैसे मडुआ, ज्वार, बाजरा, कुट्टू, चौलाई, झिंगोरा, कोदो के बारे में उनकी पौष्टिक जानकारी, उनसे बने मूल्यवर्धक खाद्य पदार्थ आदि पर ज्ञान दिया गया। इस कार्यक्रम में चतुर्थ श्रेणी के रावे के छात्रों एवं द्वितीय श्रेणी के छात्रों ने प्रतिभाग किया और संपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम प्रसार विभाग की प्रभारी अधिकारी डा. अनुपमा पाण्डे एवं डा. पूजा टम्टा सहायक प्राध्यापिका के निर्देशन में किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीण वासियों को जानकारी देते अधिकारी।

निदेशक संचार